महिलाओं को दिया जीवन कौशल प्रशिक्षण

अजमेर(निसं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण की बालिकाओं और महिलाओं को जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम हटूंडी में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 30 महिलाओं व बालिकाओं को खेल कूद पोस्टर प्रतियोगिता, व्याख्यान के माध्यम से जीवन कौशल और उद्यिमता विकास की समस्त जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सांखला ने बताया की जीवन कौशल प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक व्यवहार को भी प्रोत्साहित करना है।

जिला कलक्टर ने विभागों को सौंपे दायित्व, राज्य सहित जिले में चलेगा 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान

- प्रत्येक दिवस पर विभिन्न गतिविधि का होगा आयोजन

अजमेर, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 11 से 25 दिसम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान का संचालन किया जाएगा। इसके लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा सभी विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं।

जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यशालाओं, जन-जागरूकता कार्यक्रमों, चालक जागरूकता, रिफ्लेक्टर टेप लगाने की पहल, बस बॉडी निर्माताओं व विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। पुलिस विभाग दुर्घटना संभावित स्थानों पर यातायात नियमों की अनुपालना, हेलमेट सीटबेल्ट के प्रति समझाइश, ओवरस्पीडिंग व गलत दिशा में वाहन न चलाने पर कड़ी निगरानी, मोबाइल उपयोग पर रोक और नियम पालन करने वालों को सम्मानित करने जैसे कार्य करेगा। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, अवैध पार्किंग हटाने, रोड साइन व साइनेज लगाने तथा ब्लैक स्पॉट सुधारने का दायित्व निभाएगा, जबकि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ड्राइवरों की स्वास्थ्य जांच, ट्रॉमा सेंटर की तत्परता और एम्बुलेंस उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने बताया कि नगर निगम एवं स्थानीय निकाय विभाग सड़क प्रकाश व्यवस्था, जन-जागरूकता के लिए पोस्टर डिस्प्ले, सड़कों पर छोड़े गए पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर भेजने जैसे कार्य करेंगे। श्रम विभाग व्यवसायिक वाहन चालकों व वाहन स्वामियों को निर्धारित समय से अधिक वाहन न चलाने और विभागीय नियमों के पालन के लिए जागरूक करेगा। शिक्षा विभाग विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद, संगोष्ठी, सड़क सुरक्षा शपथ, अधिकारियों के साथ संवाद एवं सरकार की योजनाओं का प्रचार करेगा।

जिला कलक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजन, अभियान की मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय, अवैध निर्माण हटाने, हेलमेट, सीटबेल्ट एवं वाहन चलते समय मोबाइल उपयोग निषेध पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि अभियान के पहले चरण में 11 से 13 दिसम्बर तक जागरूकता और संस्थागत गतिविधियों का आयोजन होगा। गुरूवार 11 दिसम्बर को दुर्घटना संभावित स्थलों एवं मुख्य मार्गों पर यातायात नियमों के उल्लंघन की रोकथाम, चालकों को समझाइश और नियम पालन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन सभी सरकारी कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को हेलमेट,सीटबेल्ट एवं नो ड्रिंक एंड ड्राइव का संदेश दिया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार 12 दिसम्बर को विद्यालय एवं महाविद्यालयों में पोस्टर, स्लोगन, वाद-विवाद, क्विज, नुक्कड़ नाटक और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य और केंद्र सरकार की गुड समेरिटन योजना (राहवीर योजना), मुख्यमंत्री आयुष्मान सड़क सुरक्षा योजना सहित अन्य सड़क सुरक्षा योजनाओं से संबंधित सामग्री का वितरण होगा। शनिवार 13 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम और सड़क सुरक्षा रैली एवं रन का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि 15 से 19 दिसम्बर तक सड़क सुधार, दुर्घटना स्थल प्रबंधन और यातायात नियंत्रण से संबंधित गतिविधियाँ होंगी। सोमवार 15 दिसम्बर को आवश्यक मरम्मत व प्रकाश व्यवस्था सुधार, ब्लैक स्पॉट सुधार, सड़क किनारे खतरनाक स्थानों से अतिक्रमण हटाने और रोड फर्नीचर की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 16 दिसम्बर को मुख्य मार्गों और चौराहों पर हेलमेट एवं सीटबेल्ट की कड़ी जांच एवं वाहन चालकों को समझाइश दी जाएगी। बुधवार 17 दिसम्बर को व्यवसायिक वाहन चालकों की नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे।

आरपीएससी भवन हुआ सौर ऊर्जा आत्मनिर्भर, 250 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित

- हर माह होगी 3 लाख की बचत

अजमेर(निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अब परंपरागत बिजली पर निर्भर नहीं रहेगा। आयोग परिसर की छतों पर 250 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर इसे पूर्ण रूप से नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

सोलर प्लांट का बुधवार को आयोग के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने सौर ऊर्जा प्लांट का शुभारंभ किया। यह परियोजना राज्य सरकार के ग्रीन बजट के अंतर्गत स्मार्ट और पर्यावरण मित्र ऊर्जा व्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान दुनिया के उन क्षेत्रों में शामिल है जहां सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता सबसे अधिक है। राज्य में साल के अधिकांश दिनों में तेज और सीधी धूप उपलब्ध रहती है, जो सौर ऊर्जा आधारित स्वावलंबी ढांचे को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभाग रूफटॉप प्लांट अपनाकर बिजली खर्च में भारी कमी ला सकते हैं। आर पी एस सी भवन की यह शुरुआत अन्य संस्थानों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में काम करेगी।

प्रतिमाह तीन से साढ़े तीन लाख की बचत: आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि यह प्लांट हाइब्रिड तकनीक पर आधारित है,जिसे सीधे ठिाड से जोड़ा गया है। रखरखाव न्यूनतम और जीवन चक्र लंबा होने से यह तकनीक आर्थिक रूप से भी लाभकारी साबित होगी। अधिकारियों के अनुसार इस प्लांट से प्रतिमाह 30 हजार से 36 हजार यूनिट तक सौर ऊर्जा उत्पादन होगा, जिससे आयोग का बिजली बिल पूरी तरह बंद होने की उम्मीद है। वर्तमान दरों के आधार पर प्रतिमाह लगभग 3 से 3.5 लाख रुपए की बचत होगी। अधिकारियों के मुताबिक सौर प्लांट की प्रत्येक यूनिट उच्च सुरक्षा मानकों के साथ स्थापित की गई है। मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन व खपत पर नजर रखी जाएगी। प्लांट के संचालन से न केवल विद्युत आपूर्ति में स्थिरता आएगी बल्कि आयोग का कार्बन फुटप्रिंट भी कम होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को सीधा लाभ मिलेगा।

मसूदा विधानसभा प्रभारी बने शक्ति सिंह रावत

मसूदा,(निसं)। भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात द्वारा विधानसभा स्तर पर प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नई नियुक्तियां जारी की गई, जिसमें केसरपुरा सरपंच शक्ति सिंह रावत को मसूदा विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। नियुक्ति के बाद शक्ति सिंह रावत ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।

जारी सूची के अनुसार मसूदा विधानसभा के प्रभारी के रूप में शक्ति सिंह रावत तथा सह-प्रभारी के रूप में अनिता बैरवा को दायित्व सौंपा गया है।नसीराबाद में अर्जुन नलिया गुर्जर व अमित भंसाली, पुष्कर में कैलाश लाम्बा व नरेन्द्र सिंह रावत, केकड़ी में सुभाष वर्मा व ज्योति रावत तथा ब्यावर में रायचन्द बागड़ी व गणपत मुनीम को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

गुलाबबाड़ी फाटक बंद, 12 दिसंबर को 24 ट्रेनें सैटेलाइट स्टेशनों से संचालित

अजमेर, (निसं)। गुलाबबाड़ी फाटक पर बन रहे अंडरपास और ओवर ब्रिज के कार्य के लिए लिए गए ब्लॉक के कारण 12 दिसंबर को अजमेर जंक्शन का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे ने निर्माण कार्य के दौरान 24 ट्रेनों को मुख्य स्टेशन की बजाय मदार व दौराई स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया है, जिससे करीब 20 हजार यात्रियों की यात्रा प्रभावित होगी। रेलवे ट्रैक के नीचे कलवर्ट बॉक्स डाले जाने के कारण पूरे दिन ट्रैक ब्लॉक रहेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए यातायात को मदार-आदर्शनगर बाईपास ट्रैक पर मोड़ा जाएगा।

तीर्थ नगरी पुष्कर में बागेश्वर धाम की हनुमान कथा 23 फरवरी से 25 फरवरी तक

- भगवान गणेश के प्रथम निमंत्रण पूजन एवं श्रीजी महाराज के सानिध्य का आशीर्वाद लेने के साथ ही कथा आयोजन की तैयारी बुधवार से शुरू हो गई है।
- सनातन प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल

पुष्कर, (निसं)। ब्रह्म नगरी पुष्कर में अगले साल 23 फरवरी से पुष्कर राज महाराज के आशीर्वाद से बागेश्वर धाम के प्रमुख पीठाधीश्वर एवं उपासक धीरेंद्र शास्त्री की तीन दिवसीय हनुमंत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर सनातन प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की पुष्कर में आयोजित होने वाली हनुमंत कथा आयोजन को लेकर बुधवार को प्रात: भगवान गणेश को पूजा अर्चना करके आयोजन का प्रथम निमंत्रण दिया जाएगा । इसके बाद निंबार्काचार्य के पीठाधीश्वर श्री जी महाराज का सानिध्य साथ आशीर्वाद लेकर तैयारियां का शुभारंभ किया जाएगा।।तय कार्यक्रम के अनुसार धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा अगले साल पुष्कर के नए मेला मैदान में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होगी। कथा के लिए बागेश्वर धाम की ओर से सहमति मिल चुकी है तथा पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर भी आयोजकों को सशर्त अनुमति दी गई है। कथा में निंबार्कपीठाधीश्वर श्री श्रीजी श्याम शरण देवाचार्य महाराज सहित कई संत-महंत शामिल होंगे। प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या भी होगी।कथा के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया जा रहा है। पुष्कर के इतिहास में पहली बार विशाल और भव्य कथा का आयोजन होने जा रहे हे इस कथा के सफल आयोजन के लिए घर घर से सनातन प्रेमी बड़ी उत्साह के साथ जुड़ रहे हे तथा कथा के सफल आयोजन के लिए शीघ्र ही एक बैठक आयोजित कर कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ।

फैक्ट्री वर्कर्स का मित्तल हॉस्पिटल में हेल्थ चेकअप

अजमेर, (निसं)। इनर व्हील क्लब अजमेर द्वारा एसोसिएटेड इंजीनियर्स एंड इंडस्ट्रियल्स प्राइवेट लिमिटेड के पचास से अधिक फैक्ट्री वर्कर्स का मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। यह आयोजन कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में क्लब की एक महत्वपूर्ण पहल रहा। क्लब अध्यक्ष पूर्णिमा तोषनीवाल और सचिव नीलिमा रेलन के नेतृत्व में सदस्य हेल्थ चेकअप के दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों से मिलीं और वर्कर्स की स्वास्थ्य स्थिति संबंधी जानकारी प्राप्त की। टीम में डॉ. संदीप बाघे, डॉ. मधु काबरा, डॉ. गरिमा खिंची, डॉ. रमाकांत गोयल और डॉ. शैलेश वर्मा शामिल थे। क्लब प्रतिनिधियों ने बताया कि अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाएं और आधुनिक जांच सुविधाएं संतोषजनक रहीं।

अजमेर कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने निमेश चौहान

अजमेर(निसं)। (निसं)। राजस्थान कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को जारी नियुक्ति सूची में निमेश चौहान को अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में सूची की घोषणा राजस्थान कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं आरसीए (राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन) के पूर्व उपाध्यक्ष अमीन पठान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। जारी सूची में निमेश चौहान के नाम पर आधिकारिक मुहर लगाई गई है। वर्तमान में निमेश चौहान, वैशाली नगर कांठोस मंडल के अध्यक्ष हैं। इससे पूर्व वे राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वर्तमान में समाज के प्रदेश महासचिव के रूप में दायित्व निभा रहे हैं। वे आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ के समर्थक माने जाते हैं। हाल ही में डॉ. राजकुमार जयपाल को अजमेर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के पश्चात, संगठन को और मजबूत करने हेतु कांग्रेस द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की जा रही हैं।

जनता की सेवा को समर्पित, विकास कार्य लगातार जारी: भदेल

- वार्ड 40 में 26 लाख की सीसी सड़क का शिलान्यासः भदेल

अजमेर(निसं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने बुधवार को वार्ड नं. 40 गली नम्बर तीन बिहारीगंज मनोहर लाल के मकान से ललित चतुर्वेदी के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस कार्य की कुल लागत 26 लाख रुपये होगी।

विधायक अनिता भदेल ने संबोधित करते हुए बताया कि क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में थी। जगह-जगह टूट-फूट होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के समय जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए सड़क का पूरा नवीनीकरण करवाना आवश्यक था। अब इस सडक का नवीनीकरण कार्य किये जा रहें है।

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने बुधवार को सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में विशेष रूप से गुणवत्ता, मजबूती और उचित स्तर का ध्यान रखा जाएगा। सीवरेज चैम्बरों का स्तर एवं सड़क की ऊँचाई का संतुलन सुनिश्चित कर सडक़ का निर्माण किया जायेगा ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जलभराव या मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति उत्पन्न न हो। नवनिर्मित सीसी सडक़ क्षेत्रवासियों के लिए सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक मार्ग प्रदान करेगी।

विधायक भदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल लक्ष्य जनता को उनकी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध कराना और वार्ड स्तर पर आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देना है।

उन्होंने कहा कि अजमेर दक्षिण क्षेत्र में अनेक सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य के शिलान्यास की तैयारी भी की जा रही है। आने वाले समय में नालों, सड़कों और अन्य जनसुविधा संबंधी कार्य और गति पकड़ेगा।

इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादोन, दिनेश जैन, महेन्द्र मेघवंशी, मुकेश पंचौली, घनश्याम शर्मा, प्रणव झा, कुशाल अग्रवाल, रमेश शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आम सूचना

मेरे काका करतार पुत्र रामरतन जाति जाट निवासी ग्राम सिरोंज की मृत्यु दिनांक 22.3.2019 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम सिरोंज में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे काकाजी करतार जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- रणजीत पुत्र रामेश्वर जाट निवासी ग्राम सिरोंज तहसीलदार अरांई, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/भवन/2025-26/120 आपत्ति सूचना दिनांक-10/12/2025

श्रीमति सुशीला सोनी पत्नी श्री नेमीचन्द, निवासी 142, फॉयसागर रोड, गली नम्बर 03, प्रकाश नगर, अजमेर द्वारा प्रस्तावित थोक तेलियान, फॉयसागर रोड, प्रकाश नगर, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 232.36 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व - 19 फिट चौडी रोड उत्तर - अन्य सम्पति
पश्चिम- जानकी लाल की सम्पति दक्षिण - रास्ता

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ती नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नामान्तरण/2025/2307 आम सूचना दिनांक: 10/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 78/7 तिलक नगर सेक्टर मदनगंज किशनगढ पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 41 क्षेत्रफल 291.66 वर्गगज) 1. श्रीमति सुनीता देवी जैन पत्नि श्री मांगीलाल जैन 2. श्रीमति कंचन देवी जैन पत्नि श्री लाभचंद जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- भूखण्ड संख्या 40 पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 42
उत्तर में- 40 फीट चौडा रास्ता दक्षिण में- भूखण्ड संख्या 32

अत: उक्त विखण्डन/उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2299 आम सूचना दिनांक: 10/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ज्ञानदेव नगर प्रथम मदनगंज किशनगढ पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 46 क्षेत्रफल 345.28 वर्गगज में से 165 वर्गगज) श्री सर्वेश्वर पुत्र उगमाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन/विखण्डन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- भूखण्ड संख्या - 32 व 33 पश्चिम में- रास्ता 100 फीट चौडा
उत्तर में- भूखण्ड संख्या - 45 दक्षिण में - भूखण्ड 46 का शेष हिस्सा

अत: उक्त विखण्डन/उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

- प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/5240 आम सूचना दिनांक: 3-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 297/2763 भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 215.00 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ प?ट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवसमें इस कार्यालय को लखित में आपतियां/मय साक्ष्य / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री हरदीन माली पुत्र श्री अलूराम माली निवासी दाधीच कॉलोनी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर।	मदनगंज खसरा 297/2763 215.00 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु

आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि / नामान्तरण/2025/2301 आम सूचना दिनांक: 10/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या किशनगढ पर स्थित औद्योगिक रूपानतरित (भूखण्ड संख्या 276/3 ग्राम मोहनपुरा मदनगंज 08 क्षेत्रफल 921.92 वर्गगज) श्री ओम ग्रेनाईट पार्टनर्स जर्ये श्री मुकेश अग्रवाल व अन्य ने आवेदन प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है :-

पूर्व में - रास्ता 40 फीट पश्चिम में- अन्य रूपान्तरित भूमि
उत्तर में - भूखण्ड संख्या 07 दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 09

अत: उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

- प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2303 आम सूचना दिनांक: 10/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्धमान विहार कॉलोनी मदनगंज किशनगढ़ पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 10 एंव 11 का कुल क्षेत्रफल 429.60 वर्गगज में से 367.38 वर्गगज) 1. श्री दिनेश कुमार दगड़ा पुत्र स्व. श्री भागचंद दगडा 2. श्री राकेश कुमार जैन पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन / विखण्डन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड़ की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- रास्ता 60 फीट चौडा पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 09
उत्तर में- भूखण्ड संख्या 10 में से विखण्डित दक्षिण में- रास्ता 30 फीट चौडा
शेष भूखण्ड एवं भूखण्ड संख्या 12

अत: उक्त विखण्डन/उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नामान्तरण/2025/2305 आम सूचना दिनांक: 10/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 949 पण्डित फतेहलाल नगर आवासीय योजना मदनगंज किशनगढ़ पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 43 क्षेत्रफल 198.33 वर्गगज) 1. श्री विजय कुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम सुंदर शर्मा 2. श्रीमति प्रतिभा शर्मा पत्नि श्री विजय कुमार शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है उक्त भूखण्ड़ की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में- भूखण्ड संख्या 42 पश्चिम में- खसरा नंबर 952 के भूखण्ड
उत्तर में- 30 फीट चौडा रास्ता दक्षिण में- भूखण्ड संख्या 32 व 33

अत: उक्त विखण्डन/उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - प्रभारी,नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निमार्ण स्वी./2025/4865 आम सूचना दिनांक:08-12-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्ज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
157	साहिता पत्नि फिरोज खां	बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 2158/1136 भू.सं. 77 का उत्तरी हिस्सा प्रा.नं. 77-ए	84.22 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

क्रमांक-न.पा.वि./भूमि/2025/4520 लोक सूचना दिनांक-04.11.2025

श्री ओम प्रकाश वैष्णव पुत्र बंशीदास, श्रीमति गीता देवी पत्नि बंशीदास, श्री माधूलाल पुत्र बंशीदास वैष्णव एवं शिवराज पुत्र बंशीदास वैष्णव निवासी बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर	चौसला बिजयनगर	4567/4162	रकबा 0.0606 हैक्टर (606.00 वर्गमीटर) भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 70-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृति अधिकारों के निर्वायन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी पूर्व अधिकाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

आम सूचना

मेरी माता सुन्दरी देवी पत्नी स्व. श्री नारायण लाल जाति मेघवाल निवासी लटूरदास की बगीची के पास सांवतसर मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 8 मार्च 2012 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी- बजरंग लाल वर्मा पुत्र नारायण लाल

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बलवीर पुत्र श्योचन्द निवासी लोहागल अजमेर राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा सं. 927 भूखण्ड नम्बर 19 जिसका क्षेत्रफल 120.00 वर्गगज भूखण्ड नम्बर 20 जिसका क्षेत्रफल 153.33 वर्गगज कुल 2 भूखण्डों की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जावेगी।

-उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नगर निगम/2025/5404 -: आपत्ति विज्ञप्ति :- दिनांक -10.12.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सांवतसर के खसरा संख्या 535.536 मे पट्टा शुदा में स्थित भूखण्ड धारक द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तिया/कार